तापमान

अधिकतम 33.0 डिग्री

न्यूनतम 23.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, रविवार, 23 जून 2024



12 मल्टी हॉस्पिटल परिसर में सामूहिक ...





13 मकानों की मरम्मत में जुटे मजदूर











# महानदी में जलकुंभी की सफाई नहीं, शासन-प्रशासन बेखबर





हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम तीर्थराज की ये दो तस्वीर इन दिनो चर्चा में है। लक्ष्मण झूला वाली तस्वीर को पैरी नदी का हिस्सा कहा जाता है जो राजीव लोचन मंदिर से कुलेश्वरनाथ महादेव मंदिर को जोड़ता है। यहां पानी कुछ साफ है जहां लोग नहाते है निस्तारी करते है। बाहर से आने वाले श्रद्धालु, पर्यटक और सैलानी इसी पैरी के धार में न केवल डुबकी लगाते है बल्कि पिकनिक का आनंद भी कमोवेश यही लेते हैं। एक तरह से नदी का यह भाग काफी साफ-सुथरा रहता है। लेकिन एनीकट के नीचे नदी का यह दूसरा हिस्सा महानदी कहलाता है। जिसका बहुत ही बुरा हाल है जो जलकुंभी से अटा पड़ा है। इसकी सफाई के लिए शासन-प्रशासन स्तर में जब तक ध्यान नहीं दिया जाएगा तब तक यह स्थिति बनी रहेगी। हालांकि अभी बारिशकाल है। साफ-सफाई किया नहीं जा सकता। छत्तीसगढ़ में राजिम का महत्व एक प्रयागराज के रूप में है। लोग बहुत श्रद्धा और आस्था लेकर भगवान राजीव लोचन और कुलेश्वरनाथ महादेव के दर्शन को आते है। इसे वे पुण्यधरा मानते हुए पवित्र स्नान करते हैं। लेकिन नदी के हालात को देखते हुए इसे पवित्र और साफ-सुथरा बनाए रखने की जवाबदारी शासन-प्रशासन के साथ ही स्थानीय लोगों का भी है। क्योंकि नदी से स्नान के बाद हर श्रद्धालु सबसे पहले मंदिर में भगवान राजीव लोचन का दर्शन करने पहुंचते हैं। वैसे भी राजिम को पर्यटन स्थल का दर्जा प्राप्त है। यहां आकर लोग सुखद अनुभूति का अहसास करते है।

## खबर संक्षेप

### शराब पिलाने के सुविधा देने पर कार्रवाई

**महासमुंद।** पटेवा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम झलप में झुमुर तालाब के पास लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराते पाए जाने पर एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने बताया कि पटेवा बस स्टैंड में मुखबिर से सूचना मिली की ग्राम झलप झुमुर तालाब के पास नाथू राम साहू निवासी घोघरा वर्तमान निवास झलप लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध करा रहा था। मामले में पुलिस ने आरोपी का कृत्य धारा धारा 36(सी ) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### टोपी निकालने से मना करने पर मारपीट

**महासमुंद।** पिथौरा थाना अंतर्गत ग्राम छिबर्रा में एक व्यक्ति के बार-बार टोपी निकालने से मना करने पर उसके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई है। टीकम पटेल ने पुलिस को बताया कि शाम 4 बजे वह गांव के त्रिलोक एवं विनय के साथ काम का पैसा लेने जाने के लिए गांधी स्तंभ पास इकठ्ठा थे, उसी समय गांव का योगेश्वर धीवर आया और टीकम के पहने हुए टोपी को बार-बार निकाल रहा था, जिसे मना करने पर धक्का दिया और गालियां देकर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं अपने हाथ में पहने कड़े से मारपीट किया जिससे चोटें आई है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506, पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### शराब पीकर पति-पत्नी से मारपीट, अपराध दर्ज

**महासमुंद।** पटेवा थाना अंतर्गत ग्राम पचरी में एक व्यक्ति द्वारा शराब के नशे में पति-पत्नी से मारपीट करने का मामला सामने आया है। पचरी निवासी पाखनराज डोरा ने पुलिस को बताया कि उसका पड़ोसी खेवाराम लहरे आए दिन शराब पीकर गालियां देता है। 20 जून 2024 के सुबह करीबन 9 बजे जब घर के बाहर बैठा था उसी समय खेवाराम उसे देखकर शराब पीकर जबदरस्ती नाम लेकर गालियां देने लगा, जिसे मना करने पर मैं तुम लोंगों को यहां रहने नहीं दूंगा करके हांथ मुक्का से मारपीट किया तथा जान से मारने की धमकी दिया। मारपीट करता देख पत्नी बुगाला बाई डोरा छुड़ाने आई तो खेवाराम ने उसे भी धक्का देकर गिरा दिया, जो कि गर्भवती है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध अपराध धारा 294, 323, 506 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## कार्रवाई : स्कॉर्पियो से कर रहे थे तस्करी, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

# ओडिशा सीमा पर सात लाख का गांजा और एक वाहन जब्त, दो आरोपी युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के देवभोग ओडिसा सीमा में गांजा के अवैध तस्करी करते घेराबंदी कर पुलिस ने 2 आरोपी सहित स्कॉर्पियों और मादक पदार्थ गांजा 69.440 किलो ग्राम कीमती 6,94,000 रूपये को जब्त करने में बड़ी सफलता प्राप्त की है। गरियाबंद पुलिस कप्तान अमित तुकाराम कांबले के द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को नशे के विरोध विशेष अभियान चलाकर लगातार कार्रवाई हेतु निर्देशित किया था। जिसके परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र चंद्राकर एसडीओपी पुलिस मैनपुर बाजी लाल सिंह के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी अपने-अपने थाना क्षेत्रें में नशे के विरुद्ध लगातार कार्यवाही हेतु मुखबिर व साइबर टीम को सक्रिय किए थे। इसी दौरान थाना देवभोग को मुखबिर से सूचना मिला की ग्राम टिकरापारा खुटगांव के पास एक सिल्वर रंग के स्कर्पियो वाहन में 2 व्यक्ति बोरी में गांजा रखकर बेहरा ओडिशा से खुटगांव की ओर आ रहे है मुखबिर सूचना मिलने पर मुखबीर द्वारा बताये गये स्थान पुलिस मैनपुर द्वारा रेड कार्यवाही हेतु गवाह एवं हमराह के ग्राम



खुटगांव सेन्दमुड़ा मार्ग में बरगद पेड़ के पास नाकाबंदी कर मुखबिर के बताये वाहन का इंतजार कर रहे थे। उसी दौरान बेहरा ओडिशा से ग्राम सेन्दमुड़ा देवभोग होते हुए मुख्य मार्ग खुटगांव की ओर 2 व्यक्ति एक सिल्वर रंग के स्कर्पियो वाहन क्रमांक सीजी 04 जेसी 7500 में आये जिन्हे रोका गया। जो गाड़ी रोककर पुलिस की उपस्थिति देखकर भागने का प्रयास करने लगे जिन्हे घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर स्कार्पियो चालक अपना नाम चंदन पंडा पिता रामचंद्र पंडा उम्र 24 वर्ष निवासी राजपुर तथा वाहन



मे बैठा व्यक्ति अपना नाम अतुल कुमार पंडा पिता दुखीश्याम पंडा उम्र 38 वर्ष निवासी मथुरा (ओडिशा) का रहने वाला बताया।

### परिवहन संबंधी नहीं मिले वैध दस्तावेज

वाहन की तलाशी लिया गया तो अतुल कुमार पण्डा द्वारा दोनों सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में रखे गांजा जैसा मादक पदार्थ को स्वयं का होना बताया परिवहन करने व वाहन का कागजात, लायसेंस पेश के संबंध में वैध दस्तावेज का मांग करने पर नोटिस के जवाब मे गांजा रखने व परिवहन करने के संबंध में कोई दस्तावेज नहीं होना लिखित में दिए। मादक पदार्थ गांजा एवं खाली बोएक बोरी में भरे मादक पदार्थ गांजा का वजन 35.210 किलो ग्राम खाली बोरी का वजन 210 ग्राम एवं दूसरे बोरी में भरे मादक पदार्थ गांजा का वजन 34.610 किलो ग्राम, खाली बोरी का वजन 170 ग्राम कुल मादक पदार्थ गांजा का कुल वजन 69.440 किलो ग्राम कीमती 6,94,000 रूपये का होना पाया गया गया। दोनो आरोपियों का कृत्य अपराध धारा सदर का पाए जाने से धारा एनडीपीएस एक्त के तहर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचन में लिया गया। प्रकरण के दोनों आरोपी को गिरफ्तारी के बाद माननीय न्यायालय पेश किया गया है। इस कार्यवाही में निरीक्षक गौतम चंद गावडे व हमराह स्टॉप तथा सायबर टीम गरियाबंद से मनीष वर्मा का सराहनी भूमिका रही।

# हड़ताल से चरमराई स्वास्थ्य व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने अनिश्चित कालीन हड़ताल पर चले गए हैं। स्वास्थ्य कर्मचारी के हड़ताल पर चले जाएं से जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गया है। प्रदेश स्वास्थ्य कर्मचारी संघ ने नगर के गांधी मैदान में बैठकर प्रदर्शन किया। स्वास्थ्य कर्मचारी ने अपने मांग को लेकर कहा कि सेवा समाप्ति हेतु अनुमोदन कराये जाने के कारण मिशन संचालक द्वारा बिना किसी जांच पडताल के मानव संसाधन निति 2018 का पालन किये बगैर सेवा समाप्ति का आदेश जारी किया गया है, इसके संबंध मे भी संघटन द्वारा श्री पवन वर्मा की बहाली हेतु बार-बार पत्राचार करने के बावजूद भी बहाल नहीं किया जाना अधिकारियों का हठधर्मिता को प्रदर्शित करता है। इन्होंने आगे कहा कि शासन के हठ धर्मिता से क्षुब्ध होकर चरणबद्ध आदोलन हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों को बाध्य होना पडा है। इसके लिए प्रदेश के समस्त सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी के द्वारा दिनांक 18 जून 2024 दिन मंगलवार से चरणबद्ध आदोलन का आगाज कर रहे है। सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियो का लंबित कार्या अधारित वेतन पीएलपी का भुगतान माह मई 2024 तक का पूर्ण किया जावे एवं अगामी माह से नियमानुसार प्रत्येक माह के 15 तारीख के भीतर भुगतान करना सुनिश्चित किया जावे। महिला सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के सुरक्षा ▶▶| शेष पेज 13 पर

■ स्वास्थ्य कर्मचारी तीन सूत्रीय मांगों को लेकर हड़ताल पर

## भेंडरी में कबीर प्राकट्य उत्सव...




नवापारा–राजिम। संत सतगुरु देव कबीर साहेब प्राकट्य उत्सव के पावन पर्व पर भेंडरी में कबीरपंथियों द्वारा झंडा चढ़ाया गया व शोभायात्रा निकाली गई। सोहन साहेब शास्त्री द्वारा अमृत वचन एवं भजन संध्या किया गया। घनश्याम साहू अध्यक्ष साहू समाज द्वारा आभार प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में कार्तिक साहू, आशा साहू, राजू साहू, भोला साहू सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

### पेट मरोड़ व लूज मोशन के बढ़े मरीज

**नवापारा-राजिम।** ग्रीष्मकाल के अंतिम दिनों और बारिशकाल के शुरूआती दौर में ही पेट मरोड़ और लुज मोशन की शिकायत बहुत ज्यादा सामने आ रही है। ऐसे मरीज प्रायः शहर के सभी निजी हास्पिटल में पहुंच रहे हैं। पेट मरोड़ का कारण अत्यधिक गर्मी, उमस और दूषित पेयजल का भी होना बताया जा रहा है। नवापारा शहर सहित आस-पास के दर्जनो गांव से ऐसे मरीज हास्पिटल पहुंच रहे हैं। मरीज पेट मरोड़ से अत्यधिक परेशान होना बताते है। इसके साथ ही लूज मोशन की शिकायत भी इन दिनों सामने आ रही है। ये दोनों बीमारी कम से कम तीन दिन तो रहता ही है। इस दौर में मरीज को कुछ भी खाना-पीना नहीं सुहाता। शरीर सुस्त हो जाता है। इस पर संवाददाता ने मरीजों से बात किया तो सभी ने इस तरह की बात सामने ▶▶| शेष पेज 13 पर

# मोटर पंप 20 दिनों से खराब नगर में पेयजल सप्लाई ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर के लोग पिछले 20 दिनों से बूंद- बूंद पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, भीषण गर्मी के दिनों में भी आधे नगर के लोगों को पीने के लिए पानी नसीब नहीं हो पा रहा है, जिसके चलते नगरवासियों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, पूरा मैनपुर नगर में पेयजल सप्लाई के लिए दो ओवरहैड टैंक है जिससे पूरे नगर में पेयजल की सप्लाई किया जाता है, जनपद पंचायत कार्यालय के सामने विशाल पानी की ओवरहैड टैंक को पानी भरने वाला ट्यूबवेल पिछले 20 दिनों से खराब है, जिसके कारण पानी नहीं भर पा रहा है और आधे नगर में पानी की सप्लाई नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण गर्मी के दिनों में लोगों को बूंद-बूंद पानी के लिए तरसना पड़ रहा है। मैनपुर नगर के लोगों ने इस समस्या से ग्राम पंचायत एवं जनपद पंचायत के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है, वैसे भी मैनपुर नगर में 2 निस्तारी तालाब अप्रैल माह में ही सुख गये जिसके कारण नगर के लोगों को निस्तारी की समस्या से जुझना पड़ रहा है, दूसरी तरफ अब पेयजल समस्या लोगों के लिए बेहद विकराल हो गई है।

■ शिकायत के बाद भी अब तक नहीं हुआ समस्या का समाधान

### सुधार कार्य जारी

ओवरहैड टैंक में पानी भरने वाला ट्यूबवेल में मोटर पंप फंस गया है जिसे बाहर निकालने क्रेन भी मंगवाया गया। लेकिन अब तक नहीं निकल पाई है, उन्होने बताया कि लगातार मोटर पम्प के वायर, केबल अन्य सामग्रियों की चोरी हो रही है। जिसके कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, उन्होने कहा कि जल्द पेयजल समस्या का समाधान होगा, लगातार पंचायत द्वारा सुधार कार्य करवाया जा रहा हैं।

**बलेदव राज ठाकुर**, सरपंच

## विधिक शिविर में पॉक्सो कानून के बार में दी गई जानकारी

# पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

लोक आस्था सेवा संस्थान एवं वूमेनिटी व दसरा के सहयोग से ऑक्सन हॉल गरियाबंद में एक दिवसीय विधिक शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात संस्था अध्यक्ष हेम नारायण मानिकपुरी के द्वारा संस्था के कार्य के बारे में जानकारी में बताया कि






संस्था 2006 से बच्चे एवं महिलाओं के उत्थान के लिए निरंतर काम कर रही है। जिसके अंतर्गत क्षमतावर्धन का कार्य जिसमें पेंशन, राशन, वन अधिकार, घरेलू हिंसा व अन्य आजीविका को लेकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। न्यायधीश ▶▶| शेष पेज 13 पर

### संपत्ति में महिला को भी पुरुष के समान अधिकार

महिलाओं के साथ कार्य स्थल चाहे सरकारी हो या निजी संस्थान में लैंगिक उत्पीड़न होता है तो वह लैंगिक उत्पीड़न निवारण समित के पास शिकायत कर सकती है। घरेलू हिंसा, कन्या भ्रूण हत्या, दहेज प्रताड़ना अधिनियम, फैक्ट्री अधिनियम 1948, बच्चे को गोद लेने की प्रक्रिया के बारे में विस्तार जानकारी देकर समझ बनाया। साथ ही कहा की पैतृक संपत्ति में महिला को भी पुरुष के समान बराबर का अधिकारी है। इसके बाद न्यायधीश प्रशांत कुमार देवांगन (व्यवहार न्यायालय गरियाबंद ) के द्वारा जानकारी दिया की 18 वर्ष के कम उम्र के बच्चे ▶▶| शेष पेज 13 पर





पाठक सूचना

गरियाबंद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9993223300, 8370049468



## खबर संक्षेप

### एसडीएम ने किया सात पटवारियों का तबादला

**अभनपुर।** अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रवि सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से क्षेत्र के 7 पटवारियो का अनुविभाग के अंदर तबादला किया है। वर्तमान पदस्थापना से नवल किशोर चंन्द्रा को जामगांव,सुंदरकेरा के योगेन्द्र साहू को पोड़,मंदलोर के अंकित शर्मा को पचेड़ा,ऋषि कुमार साव को मानिकचौरी,टोकरो के नरेन्द्र साहू को जुलुम,सोनपैरी के बसंती घृतलहरे को सारखी,आमनेर तथा राजेन्द्र पटेल को गोबरा नवापारा,बगदेही पटवारी हल्का मे पदस्थ किया है।

### करंट की चपेट में आए घायल की मौत

**महासमुंद।** पटेवा थाना क्षेत्र में बिजली करंट की चपेट में आने से घायल की अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 11 मई को सुबह करीब 11 बजे सीतलचरण लोधी पिता नंदकुमार (30 साल) निवासी रामनगर लोधी पारा आरंग जिला रायपुर को ग्राम फुलवारी में बिजली करंट लगा उसे घायल अवस्था में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

### फिनिशिंग तार की चपेट में आई महिला की मौत

**महासमुंद।** सांकरा थाना क्षेत्र के ग्राम छोटे लोरम निवासी महिला की खेत में बिजली करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि 21 जून को सुबह 7 बजे से 12 बजे के बीच मुक्ता बाई कश्यम पति गंगाराम कश्यप (65 साल) खेत के मेड़ के पास करंट प्रवाहित हो रही फिनिसिंग तार की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

### रास्ता रोक युवक से लूटपाट

**महासमुंद।** सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मचेवा तालाब के पास एक युवक से तीन अज्ञात व्यक्तियों ने जबरन बलपूर्वक मोबाइल व जेब में रखे 50 रुपए निकले और फरार हो गए जिसकी शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार हिमांशु देवांगन फॉरेस्ट कॉलोनी महासमुंद से सुरभि कांलोनी मचेवा की ओर अपने नव निर्मित मकान को देखरेख को निकला था, इसी दौरान मचेवा तालाब के पास बंजारी मंदिर के आगे 3 लोगों ने रोककर पता पूछा एवं पता पूछते हुए हिमांशु के जेब मे रखे मोबाइल मूल्य लगभग 10 हजार रुपए एवं 50 रुपए को बलपूर्वक चोरी कर फरार हो गया, जिस पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध अपराध धारा 356, 34 पर से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

### ग्रामीण से 10 लीटर महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक के निर्देशन एवं जिला आबकारी अधिकारी मोहित जायसवाल एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी उत्तम बुद्ध भारद्वाज मंडल सरायपाली के मार्गदर्शन में 21 जून को आबकारी वृत्त सांकरा की टीम द्वारा आबकारी वृत्त सांकरा अंतर्गत ग्राम उतेकेल थाना सांकरा निवासी दुबेलाल निषाद के आधिपत्य से कुल 10 लीटर महुआ शराब कीमत 2000 रुपए एवं 7 किलो महुआ लाहन कीमती 350 रुपए जुमला कीमत 2350 रुपए जब्त किया गया। उक्त प्रकरण में अधिक मात्रा में अवैध शराब का धारण करना आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) (क)(च), 34(2) 59 (क) का गैरजमानतीय प्रकरण कायम कर विवेचना में लिया गया एवं रिमांड लेकर जेल दाखिल कराया गया। उपरोक्त कार्रवाई आबकारी उप निरीक्षक वृत्त सांकरा अनिल कुमार झारिया के नेतृत्व में की गई। उक्त कार्रवाई के दौरान आबकारी स्टॉफ सांकरा उपस्थित थे।

### दो मामलों में 25 किलो गांजा जब्त, आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बस का इंतजार कर रहे युवक से पुलिस ने 20 किलो गांजा बरामद किया है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और उसके खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट की धारा के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह एक अन्य मामले में दो आरोपियों से 5 किलो गांजा बरामद किया। संयोग से दोनों आरोपी महाराष्ट्र के एक ही जिले के निवासी हैं।

# भगवान जगन्नाथ स्वामी का हुआ गोविंदाभिषेक

## इस वर्ष रथयात्रा पर्व पर होगा सोलह पहरी महानाम यज्ञ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर





मैनपुर विकासखंड के धर्म नगरी ग्राम अमलीपदर में शनिवार को पवित्र देव स्नान पर्व पर ग्राम के हृदय स्थल श्री जगन्नाथ मंदिर में महाप्रभु जगन्नाथ का गोविंदाभिषेक किया गया। जगन्नाथ मंदिर के मुख्य पुजारी पंडित युवराज पांडे ने बतलाया कि पवित्र ग्रंथों और पुराणों के मान्यता अनुसार आज ज्येष्ठ पूर्णिमा को भगवान जगन्नाथ, बलभद्र, माता सुभद्रा के साथ पवित्र देव स्नान करते हैं यह पर्व रथ यात्रा के 15 दिवस पूर्व भगवान देव स्नान किया जाता है और भगवान को षोडशोपचार एवं पंचोपचार से पूजन पश्चात दिव्य गंगाजल सप्त समुद्र सप्त पवित्र नदियों का चंदन मिश्रित जल से भगवान का देव स्नान किया जाता है। आज ग्राम अमलीपदर के हृदय स्थल जगन्नाथ मंदिर में ब्रह्म मुहूर्त में पंच ध्वनि वेद मंत्रों के उच्चारण के साथ प्रातकालः भगवान का पूजा अर्चना आरती हुई तत्पश्चात दोपहर 1 बजे से भगवान की पूजा अर्चना एवं वेद मंत्रों के द्वारा आचार्य श्रीयुत युवराज पांडे द्वारा भगवान दाऊ बलभद्र माता सुभद्रा एवं जगन्नाथ का पवित्र देव स्नान गोविंदाभिषेक से किया गया पंडित युवराज पांडेय ने बताया कि इस वर्ष रथ यात्रा महाउत्सव में 16 पहरी नाम यज्ञ का आयोजन किया गया है जो की 11 जुलाई को कलश यात्रा एवं 12 जुलाई से 14 जुलाई तक निरंतर महामंत्र महानाम जप किया जाएगा उक्त कार्यक्रम में ग्राम के गणमान्य नागरिक भक्त श्री जगन्नाथ मंदिर परिसर के प्रमुख सेवक गण, समस्त श्रद्धालुओं एवं अमलीपदर ग्राम सहित पूरे क्षेत्र के समस्त श्रद्धालु भक्त भगवान के पवित्र देव स्नान में उपस्थित होकर के भगवान से सुख-समृद्धि की कामना के साथ प्रार्थना किये।

## दिवस : कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया

# मल्टी हॉस्पिटल परिसर में सामूहिक योगाभ्यास हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर



पतंजलि योग समिति द्वारा सोनी मल्टी हॉस्पिटल परिसर अभनपुर मे अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर डॉक्टर प्रज्ज्वल सोनी,योगाचार्य लाल साहू ने लोगो को योग मंच के माध्यम से व्यायाम, आसन, सूर्य नमस्कार,प्राणायाम,ध्यान सहित विभिन्न योग क्रियाओ के लाभ के बारे मे अवगत कराया। इस अवसर पर विशेष अतिथि के रूप मे उपस्थित आचार्य ललित मुनि ने योग का उद्दव विकास के बारे मे चर्चा करते कहा कि भारत के प्रयास से आज समूचे विश्व पटल पर योग को बढ़ावा मिला है,यज्ञ और योग एक दूसरे के पूरक है जिसमें एक मनुष्य को स्वस्थ रखने में सहायक है और दूसरा प्रकृति एवं धरती के वातावरण को शुद्ध रखने में महत्वपूर्ण है । कार्यक्रम में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय से प्रथम कक्षा से एकादश तक प्रथम, द्वितीय ,तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले होनहार छात्र छात्राओ को प्रमाण पत्र व एक पौधा देकर सम्मानित किया गया। । वही वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत समिति द्वारा 21 पौधे का रोपण कर उनके रक्षा के लिए संकल्प लिया गया। संजू बहन ने पूरा एक घंटा हवन की आहुती देते रहे। इस दौरान अभनपुर तहसील प्रभारी नवीन शर्मा,प्रदीप शर्मा,लाकेश निर्मलकर ,राकेश साहू, ऋषि निर्मलकर, रूपचंद साहू ,आर एस चौरसिया, अनिल गांधी, संतोष अग्रवाल, राजेश गांधी ,राहुल राठी, श्रीकांत दामले,रामआसरा तारक, दिनेश, हुमन, बिना बारले, शेखर साहू ,शिशु मंदिर के छात्र छात्राऐ व शिक्षकगण आदि सैकड़ो की संख्या मे मौजूद रहे।



### आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने किया योगाभ्यास

**अभनपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी आत्मानंद विद्यालय मे आयोजित सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम मे विधायक इन्द्रकुमार साहू शामिल होकर विभिन्न योग क्रियाएं कर लोगो को योग को अपने दिनचर्या मे शामिल करने की अपील की। इस अवसर पर विधायक श्री साहू ने कहा कि योग संपूर्ण विश्व मे भारत द्वारा दी गई एक अमूल्य धरोहर है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने योग को विश्व मे पहुंचाने का कार्य किया है आज मोदी जी के प्रयासो से ही योग की प्रसिद्धि पूरी दुनिया मे बढ़ रही है।

# सरकड़ा स्कूल में मनाया योग दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला एवं प्राथमिक शाला सड़कड़ा में संयुक्त रूप से 10वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। बच्चों सहित स्कूल के शिक्षक शामिल हुए। इस अवसर पर शाला के प्रधान पाठक केशव राम साहू ने छात्र–छात्राओं एवं शाला प्रबंधन समिति के सदस्य गण पालक गण की उपस्थिति में योग दिवस के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी वहीं पर योग से होने वाले लाभ के बारे में बताया। उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में सभी लोग किसी न किसी समस्या संकट एवं तनाव से जूझ रहे हैं। इन सभी समस्याओं के समाधान के लिए एवं स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन एवं सर्वांगीण विकास के लिए हमारे जीवन में योग का बड़ा महत्व है। हमें प्रतिदिन नियमित रूप से योग करना चाहिए और देश एवं समाज के विकास में सहयोग प्रदान करना चाहिए। इस अवसर पर शाला के वरिष्ठ शिक्षक शत्रुघ्न लाल साहू ने योग के विभिन्न आसनों से बच्चों को अवगत कराया। इस अवसर पर शाला की शिक्षिका लता सोनी, शिक्षक संतोष कुमार साहू, शिक्षक जयप्रकाश सिंन्हा, सफाई कर्मचारी राजकुमार ध्रुव, बोधनी, मोतीन, बिसन्तिन, रमला बाई, कौशल्या आदि समिति के सदस्य पालक गण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# बरगद पेड़ की टहनी टूटकर गिरी, कोई हताहत नहीं



**राजिम।** व्हीआईपी रोड को जोड़ने वाली इस मार्ग पर जो राजीव लोचन मंदिर से लगा हुआ है, यहां पुराने बरगद पेड़ का एक हिस्सा टूटकर गिर गई। गनीमत रहीं कि किसी भी प्रकार से कोई बड़ी दुर्घटना नही हुई।



### योग निरोग रहने का एक साधन है

**फिंगेश्वर।** सामुदायिक अस्पताल मे योग दिवस मनाया गया। अर्तराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर योग साधना कर नियमित रूप से जीवन मे उतारने का संदेश दिया। योग क्रिया कराने वाले फिजियोथेरेपी डाक्टर अमित धनगर ने कहा कि योग निरोग रहने का एक साधन है जो हर व्यक्ति के लिए आवश्यक है। योग से शरीर की मांस पेशिया सही काम करती है। शरीर का हर हिस्सा नियमित रूप से संचालित रहती है। इसलिए योग को अपने जीवन का आधार बनाना चाहिए। उन्होंने सभी उपस्थित कर्मचारियों को योग का आसान कराया। इस अवसर पर डॉक्टर अमित धनगर, आशा पोद्दार, नीता शुक्ला, मिथला राणा, उत्तम साहू, उदित ध्रुव, एलआर वर्मा, श्रवण कुमार, देवेन्द्र घेवरिया, कौशिल्या ध्रुव, आशिश मंडावी, सोम आदि उपस्थित रहे।

# सरपंच, सचिव व ग्रामीणों ने किया योग

**छुरा।** जिला कलेक्टर दीपक अग्रवाल व जिला सीईओ रीता यादव के निर्देश पर जनपद के सीईओ आर के ध्रुव एवं परियोजना अधिकारी कपिल नायक के मार्गदर्शन में क्षेत्र के 21 अमृत सरोवर में योग का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी सरोवर में सरपंच, सचिव एवं ग्रामीणों ने योग कर योग के महत्व के बारे में समझाया। क्षेत्र के मडेली, पिपर छेड़ी, खरखरा, देवरी, साकरा ,कोसमी, बिरनी बाहरा, चरोदा, मोगरा, दादर गांव, पिपरहट्टा, बोडराबांधा, खड़मा, गोंदला बाहरा, अमलोर, कनेसर, घटकर्रा, पक्तियां में ग्रामीणों ने अंतर्राष्ट्रीय दिवस योग दिवस के अवसर पर योग्य कार्यक्रम में भाग लिया।




# जिले के मरीजों को मिले बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं: पिंगुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ तथा संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं ऋतुराज रघुवंशी एवं उनकी टीम ने शुक्रवार को महासमुंद जिले के स्वास्थ्य केंद्रों, ड्रग वेयर हाउस एवं ग्रामों का आकस्मिक निरीक्षण किया। और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव ने कहा कि मरीजों को बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखें, मरीजों की सहूलियत का भी ध्यान रखें। अपर मुख्य सचिव एवं उनके टीम द्वारा सर्वप्रथम सीजीएमएससी ड्रग वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया, जहां पर दवाईयों के रखरखाव व उपलब्धता के लिए इंडेंट की जानकारी ली गई। ड्रग वेयर हाउस के साईनेज बोर्ड प्रदर्शित करने, रंग रोगन करने एवं विभिन्न दवाइयों व सामग्रियों को व्यवस्थित रखने तथा परिसर की उचित साफ-सफाई रखने तथा दवाइयों के वितरण में नियर एक्सपायरी दवाइयों का पहले वितरित किया जाएं तथा वितरण नहीं हो पाने की स्थिति में राज्य कार्यालय को अवगत कराते के लिए निर्देशित किया गया।

### मोबाइल नंबर प्रदर्शित करने के निर्देश

अपर मुख्य सचिव ने ग्राम कुहरी का औचक निरीक्षण किया गया, जहां पर मितानिन डोमेश्वरी चक्रवती से भेंट किया गया, उनके घर के सामने नेम प्लेट प्रदर्शित पाया गया है, जिसमें मोबाइल नम्बर भी अंकित करने के लिए निर्देशित किया गया। उनकी मितानिन दवाई पेटी का निरीक्षण किया गया तथा तथा मितानिन दीदी से ग्राम की जनसंख्या, समस्त का स्वास्थ्य जांच, सिकलिन जांच एवं ग्राम में किसी प्रकार की अन्य स्वास्थ्यगत समस्याओं पर जानकारी ली गई।

### दवाइयों की उपलब्धता की ली जानकारी

तदुपरांत अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झलप का निरीक्षण किया गया, जहां पर ऑनलाइन ओपीडी पर्ची एवं संबंधित पोर्टल की जानकारी ली गई। लैब टेस्ट, दवाइयों की उपलब्धता, एंटी स्नेक वेनम की उपलब्धता, संस्थागत प्रसव व आईपीडी की जानकारी ली गई। संस्था के नेत्र सहायक अधिकारी से उक्त क्षेत्र में स्कूलों में किये गये नेत्र जांच तथा निःशुल्क चश्मा वितरण की जानकारी ली गई। आईपीडी के



विरूध्द शतप्रतिशत आयुष्मान क्लेम करने तथा विगत वर्ष आयुष्मान क्लेम से प्राप्त राशि एवं इस वर्ष उक्त राशि में वृध्दि आदि की जानकारी लेते हुए मरीजों को उचित स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु हेतु निर्देशित किया गया।

### आरोग्य मंदिर टेका का निरीक्षण

इसके उपरांत आयुष्मान आरोग्य मंदिर (उप स्वास्थ्य केंद्र) टेका विखं पिथौरा का निरीक्षण किया गया, जहां पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक (महिला) से स्वास्थ्य सुविधाओं व उपलब्ध दवाइयों तथा गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाले सुविधाओं की जानकारी लेते उच्च जोखिम वाली महिलाओं की सूची बोर्ड में प्रदर्शित करते हुए उनका नियमित फॉलोअप करने के लिए निर्देशित किया गया। मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता तथा प्रदाय किये जा रहे भोजन के बारे में जानकारी ली गई।

अपर मुख्य सचिव ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र झलप एवं उप स्वास्थ्य केंद्र टेका को एनक्यूएएस के लिए तैयार करने निर्देशित किया गया है। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना का निरीक्षण किया गया, उक्त संस्था के एक्स-रे कक्ष, ओपीडी आईपीडी कक्ष एवं लैब आदि का निरीक्षण किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना में पोषण पुर्नवास केंद्र प्रारंभ करने के लिए प्रस्ताव भेजने तथा सिजेरियन प्रसव प्रारंभ करने के लिए आवश्यक कार्रवाई के निर्देश सीएमएचओ महासमुंद को दिया गया।

आईपीडी के विरूध्द शत प्रतिशत आयुष्मान क्लेम करने हेतु निर्देशित किया गया। मरीजों से स्वास्थ्य सुविधा की गुणवत्ता तथा प्रदाय किये जा रहे भोजन के बारे में जानकारी ली गई। निरीक्षण के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली का भी निरीक्षण किया गया, जहां पर सर्वप्रथम ओपीडी कक्ष में ऑनलाईन पर्ची एवं संबंधित पोर्टल की जानकारी ली गई। उसके उपरांत फार्मेसी कक्ष में दवाई वितरण प्रणाली की जानकारी लेते हुए संस्था में उपलब्ध दवाइयों की जानकारी ली गई।

इसी कड़ी में लैब का निरीक्षण किया गया, जहां पर लैब रिपोर्ट के ऑनलाईन एंट्री एवं मरीजों को व्हाट्सअप व हार्ड कॉपी में दिये जाने की जानकारी प्रदाय किया। इसके उपरांत एक्स-रे कक्ष, स्टोर रूम का भ्रमण किया गया। पोषण पुर्नवास केंद्र सरायपाली के निरीक्षण के दौरान भर्ती बच्चे के मां से संस्था द्वारा दिए जा रहे भोजन व नास्ता व उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली गई तथा उन्हें डिस्जार्च होने के उपरांत शासन की ओर से मरीजों को दिए जाने वाले राशि की जानकारी दी गई।

# अब प्रवेश परीक्षा पर बवाल, छात्रों ने कहा- सवाल सिलेबस से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि ने इस वर्ष परीक्षा में गड़बड़ियों के पूरे रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। वार्षिक और सेमेस्टर परीक्षाओं में हुई गड़बड़ियों के बाद अब प्रवेश परीक्षा को लेकर भी विवाद निर्मित हो गया है। विश्वविद्यालय अध्ययनशाला में संचालित बीएएलएलबी पाठ्यक्रम के लिए गुरुवार को विवि द्वारा प्रवेश परीक्षा ली गई थी। परीक्षा दिलाने वाले छात्रों ने शुक्रवार को रविवि में अपनी शिकायत दर्ज कराई है। छात्रों का कहना है कि प्रवेश परीक्षाओं में पूछे गए सवाल सिलेबस के बाहर के हैं। प्रवेश परीक्षा दिलाने वाले छात्रों के मुताबिक, बारहवीं पास छात्रों से लॉ के सवाल पूछे गए हैं। ये वे सवाल हैं, जो एलएलएम प्रवेश परीक्षाओं के दौरान पूछे जाते हैं। जबकि उनके लिए जो सिलेबस जारी किया गया था, उसके मुताबिक सामान्य ज्ञान तथा लॉ के बेसिक सवाल पूछे जाने थे। अधिकतर छात्रों ने प्रवेश परीक्षा खराब जाने और सवाल आउट ऑफ सिलेबस होने की बात कही है। वहीं रविवि ने इस आरोपों से इनकार किया है। विवि प्रबंधन का कहना है कि सभी सवाल सिलेबस से ही पूछे गए हैं।

- गुरुवार को ली गई थी बीएएलएलबी की प्रवेश परीक्षा सर्वाधिक छात्र इसमें ही

### बम्हनी में कबीर जयंती पर चौका आरती का हुआ आयोजन



**महासमुंद।** ग्राम बम्हनी में संत कबीर साहेब के जयंती के अवसर पर गांव के साहू समाज के द्वारा बम्हनेश्वर नाथ मंदिर मे चौका आरती का आयोजन किया गया जिसमे सर्वप्रथम संत कबीर साहेब की स्मृति में बने चबूतरे का पूजा अर्चना करने के पश्चात मंदिर स्थित भवन में चौका आरती का आयोजन किया गया जिससे समाज के लोगों के साथ बड़ी संख्या में गांव के लोग शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### बसना ब्लॉक अध्यक्ष बने गजेंद्र नायक

**महासमुंद।** छग टीचर्स एसोसिएशन ब्लॉक बसना के ब्लॉक अध्यक्ष अरुण प्रधान ने व्यक्तिगत कारणों से ब्लॉक अध्यक्ष के दायित्वों को निर्वहन करने में असमर्थता व्यक्त करने के कारण जिलाध्यक्ष नारायण चौधरी ने जिला एवम ब्लॉक के पदाधिकारियों से चर्चा कर प्रांतीय संयोजक सुधीर प्रधान से अनुमोदन उपरांत शापूमाशा मोहका में पदस्थ शिक्षक गजेंद्र नायक कार्यकारी ब्लॉक अध्यक्ष बसना को ब्लॉक अध्यक्ष बसना का अस्थायी प्रभार दिया गया है। मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष बसना को छग टीचर्स एसोसिएशन के नियमावली के अनुसार पूर्ण निष्ठा एवम ईमानदारी से ब्लॉक अध्यक्ष बसना के दायित्वों का निर्वहन करने का आग्रह किया गया है। प्रदेश महासचिव शोभा सिंह देव,संगठन मंत्री पूर्णानंद मिश्रा, प्रचार मंत्री केशवराम साहू,प्रदेश महिला प्रकोष्ठ अर्चना तिवारी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष सादराम अजय,जिला कोषाध्यक्ष विजय प्रधान,सचिव नंदकुमार साहू,ब्लॉक अध्यक्ष महासमुंद राजेश साहू, विनोद यादव, महेंद्र चौधरी, ललित साहू, अरुण प्रधान,उपाध्यक्ष दिलीप नायक, वीरेंद्र नर्मदा, ख़लिाबन वर्मा, खोशिल गेन्द्रे, मीडया प्रभारी प्रदीप वर्मा, पुष्पलता भार्गव,अनिल सिंह साव,विजय शंकर विशाल ,हेमंत दास, गजानंद भोई, सालिक राम साहू, गौरी शंकर पटेल,मनीष अवसरिया, देवेंद्र चन्द्राकर,सोमनाथ चौहान, कैलाश पटेल, देवेंद्र भोई, लक्ष्मण दास मानिकपुरी, राधेश्याम पटेल सहित समस्त जिला एवम ब्लॉक पदाधिकारियों ने मनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष बसना गजेंद्र नायक को शुभकामनाएं दी हैं। उक्ताशय की जानकारी जिला सचिव नंदकुमार साहू एवं जिला मीडिया प्रभारी प्रदीप वर्मा ने दी।

### ईंट से हमला करने पर अपराध कायम

**महासमुंद।** गाली गलौच करने से मना करने पर आरोपी ने प्रार्थी को ईंट के टुकड़े से फेंककर मार दिया। जिससे प्रार्थी चोटिल हो गया और बेहोशी के हालत में उसे बागबाहरा के सरकारी अस्पताल में दाखिल किया गया जहां से उसे उचित इलाज के लिए रिफर कर दिया गया। कोमाखान थाना अंतर्गत ग्राम खैरटकला में हुई घटना के संबंध में सुकवारो बाई ने पुलिस को बताया कि उसके देवर का बेटा खेमराज ठाकुर जमीन के हिस्से बंटवारे के नाम से आए दिन गाली गलौज करता रहता है 19 जून 2024 को सुकवारो बाई का पति तिजऊ राम ठाकुर किसान सम्मान निधि के केवाईसी कार्य हेतु बागबाहरा गया था, जहां से दोपहर 2:30 बजे घर आया तो उसी समय खेमराज ठाकुर गाली गलौज कर रहा था, जिसे तिजऊ राम ठाकुर ने मना किया तो खेमराज ठाकुर के द्वारा एक ईंट के टुकड़े को उठाकर तिजऊ राम के सिर पर फेंककर मारा जिससे उसके सिर में काफी चोंट आकर खून निकलने लगा और तिजऊ राम बेहोश हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 325 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### आक्रोश : ग्रामीणों ने लालटेन लेकर बिजली कार्यालय का घेराव करने की दी चेतावनी

# हवा चलते ही टूट रहे हैं तार, बिजली की लचर व्यवस्था से ग्रामीण परेशान



हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र के लोग भीषण गर्मी और अब मानूसन की शुरूआती दौर में लगातार बिजली के आंख मिचौली से बेहद परेशान हो गये हैं। यहां समस्या का समाधान होता नजर नहीं आ रहा है बल्कि दिनों दिन समस्या गहराता जा रहा है, हल्की हवा की झोंका चली नहीं कि जगह जगह बिजली के तार चिपकने टूटकर गिरने की शिकायत आ रही है जिसके कारण रात रातभर बिजली बंद हो रहा है, ग्रामीण ईलाकों की गांवों की बात ही छोड दीजिए यहां गांव में बिजली बंद होने पर सुधार करने में दो से तीन दिन का समय लग रहा है और बिजली विभाग के जिम्मेदार अफसरों द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जबकि हर वर्ष बारिश से पूर्व मेंटनेंश के नाम पर दो दो तीन–तीन दिन भीषण गर्मी में बिजली बंद कर सुधार कर किया जाता है, जब सुधार किया जाता है तो फिर हल्की हवा के झोकों में क्यों बिजली बंद हो रहा है। ग्रामीण बिजली की लचर व्यवस्था के खिलाफ आनोखा प्रदर्शन करने की तैयारी किया जा रहा है, बिजली विभाग का घेराव ग्रामीण लालटेन लेकर करेंगे क्योंकि इस क्षेत्र के ग्रामीण ईलाके के लोगों को लालटेन वाले दिन लगातार बिजली कटौती के कारण याद आ गये हैं।

तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर में ही बिजली व्यवस्था इतना लचर ही कि रात के समय यदि बिजली बंद हो जाये और कोई ट्रांसफार्मर का डीईओं या फ्युज उड जाये तो उसे सुधार करने में सुबह का समय लगता है क्योंकि स्थानीय बिजली अधिकारी के मोबाईल नंबर हमेशा बंद रहता है, जिसके कारण लोग किसके पास शिकायत करे सबसे ज्यादा परेशानी ग्रामीण ईलाको की गांव की है, गांव में दो दो तीन तीन दिन बिजली सुधार कार्य में लग रहा है।



मैनपुर क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक **थानुराम पटेल** ने बताया कि ग्रामीण ईलाकों की बिजली व्यवस्था बेहद लचर है छुईहा ट्रांसफार्मर से उसके खेत मे बिजली का कनेक्शन गया है दो दो तीन तीन बिजली बंद रहता है लेकिन बार बार शिकायत करने के बाद भी कोई सुधार करने नही पहुचता भाजपा सरकार में बिजली कटौती बढ गई है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष **संजय नेताम** ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की सरकार आई है बार बार बिजली बंद होने से आम जनता परेशान हो गया है साथ ही बिजली की दर में बढोतरी हो गई है ग्रामीण ईलाको में बिजली व्यवस्था बेहद लचर है, बिजली व्यवस्था में सुधार किया जाये अन्यथा ग्रामीण मजबूरन बिजली कार्यालय का घेराव करने मजबूर होंगे जिसकी सारी जवाबदारी प्रशासन की होगी।



आम आदमी पार्टी के जिला प्रमुख **हनीफ मेमन** एवं विधानसभा अध्यक्ष **सियाराम ठाकुर** ने कहा भाजपा सरकार मे आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से नगर व गांव की जनता जुझ रही है। बिजली कटौती के कारण गांव में पेयजल की समस्या विकराल हो गया है, लगातार ट्रांसफार्मर में तकीनीकी खराबी आ रही है जल्द ही सुधार नही किया गया तो लालटेन लेकर बिजली विभाग का घेराव करने मजबूर होंगे।





कांग्रेस के प्रदेश प्रतिनिधि **हेमसिंह नेगी** ने कहा कि छत्तीसगढ की जनता बिजली कटौती से बेहद परेशान हो गई है, मैनपुर क्षेत्र में तो बारोह माह बिजली कटौती आम बात है गांव में बिजली बंद हो जाने पर सुधार करने वाला कोई नही है, विभाग के अधिकारियों का मोबाईल बंद रहता है आंखिर जनता किसको अपनी समस्या बताये।



कांग्रेस के संगठन मंत्री **पारेश्वर नेगी** ने कहा कि गांव में बिजली व्यवस्था बद से बदत्तर हो गई है किसी भी समय बिजली बंद कर दिया जा रहा है, और तो और गांव में जगह जगह बिजली के तारे झुल रहे है, खुले सर्किट बाक्स के चलते दुर्घटनाए हो रही है देखने वाला कोई नही है क्या आंदोलन के बाद ही समस्या का समाधान होगा ऐसा है तो हम आंदोलन करने मजबूर है।



आदिवासी युवा नेता **महेन्द्र नेताम** ने बेहद नराजगी भरे स्वर में कहा कि बिजली व्यवस्था इतना लचर हो गया है कि देखने वाला कोई भी जिम्मेदार विभाग के अफसर नही है स्थानीय ग्रामीणों के साथ इस क्षेत्र में निवास करने वाले सरकारी अधिकारी कर्मचारी भी बिजली कटौती से परेशान है और हल्का हवा बारिश के साथ यहा बिजली घंटो बंद हो जाती है।



ग्राम पंचायत जाडापदर के सरपंच **हरचन्द्र ध्रुव** ने बताया एक तरफ राज्य सरकार बिजली के दर में वृध्दि कर दिया है तो दुसरी तरफ बिजली व्यवस्था बेहद खराब हो गई है हमारे गांव में तो दो दो तीन तीन दिन तक बिजली बंद रहता है, बार बार शिकायत करने के बाद कोई सुध लेने वाला नहीं है।



कमार विकास अभिकरण के सदस्य **पिलेश्वर सोरी** ने बताया कि हमारे ग्रामीण क्षेत्र के गांव में तो बिजली लगाने के बाद भी लालटेन का उपयोग करना पडता है, क्योंकि यहा बिजली शाम होते ही बंद हो जाती है और कब आयेगी इसकी कोई गारंटी नही है कई बार बिजली विभाग में आवेदन देकर थक चुके है श्री सोरी ने कहा कि अब क्षेत्रवासियों को बिजली कटौती से निजात पाने के लिए आंदोलन ही एक मात्र सहारा हो गया हैं।

## अशोका हॉल में पौधारोपण



**नवापारा-राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अशोका हॉल में पौधारोपण का कार्यक्रम किया गया। जिसमें विशेष रूप से डॉक्टर राजेंद्र गदिया, अपर्णा मजुमदार, सैयद तौफीक, विनोद छल्लानी, अशोक अग्रवाल, नंदलाल सायरानी, अभिषेक दुग्गड़, अनुराग अग्रवाल, अंजू पारख, रूपाली अग्रवाल, पायल बाफना, ललिता अग्रवाल, सोनल बोथरा शामिल हुए। यहां नीम, पीपल, बेल, मोरेंगा, आंवला पौधे रोपित किए गए।



## खरीफ फसलों की एमएसपी वृद्धि से किसानों को मिलेगी मदद : पीलूराम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रसेला

भाजपा छूरा मंडल अध्यक्ष पीलूराम यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा विपणन सत्र 2024-25 के लिए सभी आवश्यक खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी देने से किसानों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी और यह पहल किसानों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने वाली सिद्ध होगी। एमएसपी में इस वृद्धि से प्रधानमंत्री द्वारा अन्नदाताओं को दी गई पहली गारंटी पूर्ण होगी। सतीश रात्रे ने कहा कि 14 प्रकार की फसलों के मूल्यों में वृद्धि की गई है। धान का समर्थन मूल्य 2300 रुपये प्रति क्विंटल किया गया है, इसमें 117 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि हुई है। अब कपास का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7521 रुपये होगा, यह पिछली दर से 501 रुपये प्रति क्विंटल अधिक है। इसी प्रकार उत्पादकों को उनके उपज का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ज्वार, बाजरा, रागी, मक्का, तुअर, मूंगफली, सोयाबीन, सूरजमुखी, तिल, रामतिल आदि के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि की गई है। समर्थन मूल्य पर की गई वृद्धि से हाईब्रिड ज्वार अब 3371 रुपये, मालदंडी ज्वार 3421 रुपये प्रति क्विंटल और बाजरा 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। रागी 4290 रुपये प्रति क्विंटल खरीदने के लिए दरों में 444 रुपये की वृद्धि की गई है। मक्का अब 2225 रुपये प्रति क्विंटल खरीदी जाएगी। सोयाबीन में 292 रुपये की वृद्धि की गई है, अब यह 4892 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर खरीदा जाएगा। तिल की दर में 632 रुपये प्रति क्विंटल की वृद्धि की गई है, अब यह 9267 रुपये प्रति क्विंटल की दर से लिया जाएगा।



## मकानों की मरम्मत में जुटे मजदूर



हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजिम

ग्रामीण अंचल में बारिशकाल को देखते हुए किसान मजदूर अपने कच्चे मकानों की मरम्मत में जुट गए है। चूंकि बारिशकाल अभी पूरे तीन महिने का है। इस दौरान जमकर बारिश होगी, हवाएं चलेगी। ऐसे में यदि जल्दी से मरम्मत कार्य नहीं किया गया, कवेलु को एक बार फिर से साइज लगाकर नहीं रखा गया तो बारिश के होते ही ऐसे लोगों की परेशानी बढ़ जाती है। राजिम क्षेत्र के पितईबंद, बकली, रांवड़, परसदा, पोखरा, धमनी, बासीन जैसे सभी गांवो में इन दिनों कवेलु चढ़ाकर कच्चे मकानों का मरम्मत कार्य चल रहा है।

कई गांव में इसे छाने वाले नहीं मिल रहे है। बारिश को देखते हुए झिल्ली, तालपतरी, रेनकोट, छाता की डिमांड बढ़ गई है। प्रायः सभी कपड़ा दुकानदार अपने बरामदे में बारिश से बचाव के इन सामग्रियो को रखे हुए है। जहां खरीददारों की भीड़ बनी हुई है।

## नियमित योग से जीवन शैली में आता है बदलाव : पुराणिक

**फिंगेश्वर।** जीवन में स्वस्थ और निरोगी काया हमेशा बनी रहे इसके लिए जरूरी हैं अपने जीवन में योग को प्रयाप्त स्थान दें। नियमित रूप से योग करें और रहे जीवन पर्यन्त निरोग रहें। शासकीय प्राथमिक विद्यालय एवं शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय पतोरा संकुल केन्द्र परसदाकला के संयुक्त आयोजन के बीच हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। योगाचार्य पुराणिक कुर्रे ने कहा स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। जीवन में यदि निरोगी काया चाहते हो तो योग को पूर्ण स्थान दे।बीमारी को जीवन में योग के द्वारा दूर किया जा सकता है।शरीर की अलग-अलग मुद्राएं योगासन कहलाती है। इन योगासनो का अभ्यास नियमित रूप से करते हुए अनेक तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है। योग हमारे जीवन में उत्पन्न होने वाले नकारात्मकता, हिंसा जैसे कुविचारों से मुक्ति एवं हमारे जीवन में नई ऊर्जा, स्फूर्ति और एक नई चेतना का संचार करती हैं। खुद स्वस्थ लाभ ले औरों को भी योगासन के फायदों से अवगत कराएं। पूरे कार्यक्रम का संचालन शिक्षक थानू राम निषाद ने किया।



इस अवसर पर उदे राम साहू पूर्व सरपंच,कमल नारायण ढीढी, पुराणिक कुर्रे, नेमू राम दीवान, हुमन बाई, फगनी बाई, हिना बाई, नंदनी, राम कृष्ण मन्नाडे प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक विद्यालय, घनश्याम बघेल प्रधानपाठक प्राथमिक विद्यालय, शिक्षक ओमप्रकाश साहू,भीमेन्द्र साहू के अलावा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रही।

## जनता की समस्याओं का समाधान एवं विकास कार्य मेरी प्राथमिकत होगी : साहू

हरिभूमि.न्यूज ▸▸ फिंगेश्वर

ग्राम बारूला में मानस कार्यक्रम संपन्न। विधायक सहित अतिथियो का स्वागत हुआ।विधायक साहू ने कहा कि जनता की समस्याओं का समाधान एवं विकास कार्य मेरी प्राथमिकता होगी। ग्राम बारूला के मानस मंच पर भव्य रूप से स्वागत अभिनंदन कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने संबोधित करते हुए कहा कि चाहे विधानसभा चुनाव हो या लोकसभा चुनाव क्षेत्र वासियों के साथ–साथ ग्राम बारूला वासियों ने भी भारतीय जनता पार्टी और हमें भरपूर आशीर्वाद प्रदान किया है। मैं आप सबके प्रति हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।उन्होंने कहा कि आप सबका स्नेह और विश्वास मेरे प्रति रहा है।इसी तरह से मैं भी जनता की समस्याओं के समाधान एवं विकास कार्य मेरी प्राथमिकता रहेगी। इसके पहले विधायक रोहित साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू सहित आगंतुकों पंडित त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा के पूज्य माताजी के वार्षिक श्राद्ध कार्यक्रम में उपस्थित होकर श्रद्धांजलि देते हुए पुष्प एवं श्रीफल चढ़ाकर श्रद्धांजलि दिया एवं भागवत आचार्य पंडित त्रिभुवन प्रसाद मिश्रा मुलाकात की।तत्पश्चात मानस मंच पर अतिथियों का स्वागत एवं उद्बोधन कार्यक्रम हुआ जहां पर गमछा भेंट कर एवं तिलक लगाकर विधायक रोहित साहू,वरिष्ठ भाजपा नेता रामू राम साहू,जनपद सदस्य एवं सभापति आशाराम साहू,युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष राजू साहू,पूर्व मंडल महामंत्री एवं उपसरपंच सुखदेव साहू, नोस राम साहू, प्रेमलाल टोडर, संजय पैकरा सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत की कड़ी मे ग्राम के प्रतिष्ठित साहू परिवार पूर्व सरपंच राम बाई, सुखदेव साहू, अपर कलेक्टर भीखम चंद साहू, घनाराम साहू के निवास पहुंचे जहां पर परिवार जनों द्वारा विधायक सहित सभी नेताओं को अभिनंदन किया गया।





### साप्ताहिक बाजार में आई बोड़ा, लोगों ने की जमकर खरीददारी

# 100 रूपए पसर में बोड़ा हाथों-हाथ बिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸ मैनपुर

प्रदेश के साल जंगल वाले क्षेत्र में देश के सबसे महंगी सब्जी के रूप में जाने जाना वाला बोडा मैनपुर के जंगलों में मिलता है और हर वर्ष मानसून के दस्तक के साथ ही बाजार में यह सब्जी बिकने पहुंचती है, साल जंगल वाले क्षेत्र में जमीन के अंदर बारिश और गर्मी के बीच बोड़ा सब्जी प्राकृतिक रूप से निकलता है जिससे वनांचल में निवास करने वाले लोग चुन- चुन एकत्र कर बाजार लाते हैं। शनिवार को मैनपुर बाजार में पहली बार बोडा बिकने पहुंचा तो देखते ही देखते 50 किलो बोडा बिक गया, जिसकी दाम आंकी नहीं जा सकती क्योंकि पसरा के हिसाब से बोड़ा 100 रूपये पर हथेली बिका। आदिवासी विकासखण्ड मैनपुर क्षेत्र के लोगों के चेहरों पर मानसून के दस्तक के साथ ही एक अलग ही खुशी नजर आता है और वह खुशी है एक ऐसी सब्जी जिसे खाने के लिए सालभर लोग मानसून आने का इंतजार करते है।



बोड़ा की कीमत को पहली बार में कोई आंक नहीं सकता क्योंकि यह क्षेत्र में किलो के हिसाब से नहीं पसरा के हिसाब से मिलता है और महज 200–300 ग्राम बोडा की कीमत 100 रूपये से ज्यादा होती है कभी इसका तौला जाए तो इसका किलो 1000 रूपये होता है तो कभी 1500–2000 रूपये किलो तक बीकता है, लेकिन यह सिर्फ शुरूआती दिनों में ही बोडा की कीमत अधिक होती है।

### मशरूम की 12 प्रजातियों में बोड़ा भी शामिल

दरअसल मशरूम की 12 प्रजातियों में बोडा भी शामिल है यह एक ऐसी प्रजाति है जो जमीन के ऊपर नहीं बल्कि अंदर तैयार होती है जैसे ही मानसून की पहली बैछार पड़ती है साल के घने जंगल से बोड़ा जमीन को फाड़कर बाहर निकलती है बारिश और उमश का मौसम बोड़ा के उगने के लिए काफी अनुकूल होता है। जून- जुलाई में बोड़ा की सबसे ज्यादा उपलब्धता होती है लोग इसके जायके के दीवाने है बोड़ा खाने में काफी स्वादिष्ट होता है मैनपुर वनांचल क्षेत्र के राजापडाव गौरगांव एंव गोबरा तौरेंगा क्षेत्र में पहली ही बारिश के साथ बोड़ा निकलने का सिलसिला प्रारंभ हो जाता है, यहां तक की इसको खरीदने ओडिशा और तेलंगाना से भी कोचियों का दल क्षेत्र में पहुंचते है और कम कीमती पर ले जाकर अपने प्रदेश में अधिक दामों पर बोड़ा को बेचा जाता है।

पेज 11 के शेष...

### हड़ताल से चरमराई...

को मद्देनजर रखते हुए उनके गुह जिले मे स्थानान्तरण देने हेतु छूट प्रदाय किया जावे एवं मुख्यालय निवास का दायरा मुख्यालय से 8 किलो मीटर के परिधी में निवास करने हेतु छूट दिया जाये। पवन कुमार वर्मा, जिला संयोजक कांकेर की सेवा समाप्ति के आदेश को तत्काल निरस्त कर सेवा मे बहाल करते हुए दोषी अधिकारियों के ऊपर नियमानुसार कार्यवाही करने की मांग प्रमुख है।

### पेट मरोड़ व लुज...

रखी। शहर के चिकित्सक डॉक्टर बलजीत सिंह ने बताया कि ऐसे मरीजों का आना कुछ ज्यादा ही हो रहा है। गर्मी भी खूब पड़ रही थी और बारिशकाल भी सामने आ गया है इसलिए सभी को बहुत ही सावधानी बरतना होगा। पानी को उबालकर ही पीये तो ही ठीक रहेगा वर्ना पेट मरोड़ की शिकायत तो आएगी ही साथ ही लूज मोशन भी हो सकता है। स्टोर के संचालक ने बताया कि अधिकतर मरीज लूज मोशन और पेट मरोड़ की ही दवाई लेने पहुंच रहे हैं।

### पुरुषों के साथ कंधे...

यशवंत वासनीकर (विशेष सत्र न्यायालय गरियाबंद) के द्वारा पॉक्सो कानून के बार में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया कि 18 साल से कम उम्र के किसी बच्चे चाहे लड़का हो या लड़की के साथ यौन अपराध हुआ या करने का प्रयास किया गया, तो ऐसे मामले पॉक्सो कानून के अंतर्गत आते हैं। यह कानून बच्चों को लैंगिक हमले, लैंगिक उत्पीड़न और अश्लील चित्र व साहित्य के इस्तेमाल जैसे अपराधों से सुरक्षा प्रदान करता है। ऐसे अपराधों का विचारण करने के लिए विशेष न्यायालयों की स्थापना की गई हैं, विस्तार से जानकारी दिया। माननीय न्यायधीश तेजेश्वरी देवी देवांगन (अपर एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायलय गरियाबंद) के द्वारा महिलाओं से संबंधित विभिन्न कानून के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि अब ओ जमाना गया जब महिलाएं रसोई तक सीमित रहती थी, महिलाएं अब पुरुष के साथ कंधा से कंधा मिलाकर काम कर रही है।

### संपत्ति में महिला...

किसी भी प्रकार के अपराध में शामिल होता है तो उस बालक को पुलिस अरेस्ट नहीं कर सकता, जेल भेज सकते हैं। उसे सुधार के लिए संप्रेक्षण गृह भेजा जाता है। इसे बच्चों का विचारण बाल न्यायलय में किया जाता है, अपराध सिद्ध होने पर बच्चे को विशेष गृह भेजा जाता है। उक्त कार्यक्रम में संगवारी महिला मंच के मुखिया एवं सदस्य, संस्था के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**

## फुलकुंवर ठाकुर के निधन पर दी श्रद्धांजलि

**सरायपाली।** पूर्व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (एसडीओपी) एवं एआईजी प्रशासन पुलिस मुख्यालय रायपुर छग में पदस्थ रहे आईपीएस अधिकारी गोवर्धन राम ठाकुर की माता फुलकुंवर ठाकुर (ओट्टी) का निधन हो गया है। उनके तीन पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं। गोविंद, मीना, रामगोपाल, सरयू, गोवर्धन, सुमित, कमल, विद्या, मीनाक्षी, दयावती,जानकी, उषा पुत्री थे। उनके निधन पर कांकेर, भेसमुंडी(गागरू) ,सरायपाली, रायपुर आदिवासी समाज एवं यादव समाज के सामाजिकजनों, अधिकारी, कर्मचारियों एवं इष्ट मित्रों ने श्रद्धांजलि देकर शोक व्यक्त किया है। श्रीमती फुलकुंवर ठाकुर की अंत्येष्टि गृहग्राम भेसमुंडी (गागरू) जिला कांकेर में किया गया।

## महिला को जान से मारने की धमकी

**महासमुंद।** उधार का पैसा वापस मांगने गई महिला को चार लोगों ने जान से मारने की धमकी दी । पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ सिंघोड़ा थाने में जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को प्रमिला चौहान पति कलपराम चौहान निवासी ग्राम पैकिन ने बताया कि गांव के नूराधन तांडी ने मुझसे 35000 रुपए उधार लिया था, जिसे 21 जून को वापस करूंगा कहा था, उधार की रकम को मैं करीब 1:30 बजे ग्राम कोटवारिन सुमती छत्रे के साथ वापस लेने गई थी तब नूराधन तांडी द्वारा पैसा नहीं दूंगा जो करना है कर लेना, जाओ बोलकर मुझे गालियां दे रहा था, इसी दौरान नूराधन का लड़का रूपेश तांडी, नरेश तांडी, एवं उसकी पत्नी सुशीला तांडी दौड़ते हुए आए और पैसा नहीं देंगे, जो करना है कर लेना कहकर सभी लोग एक राय होकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने लगे। मामले में पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 34, 506 के तहत मामला दर्ज किया है।

## आकाशीय बिजली गिरने से 22 साल के युवक की मौत

**महासमुंद।** सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम केंदूढार में बकरी चराने गए युवक की आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, 21 जून को दोपहर करीब 4:30 बजे दिनेश डड़सेना पिता फुलसाय 22 साल निवासी केंदूढार बकरी चराने के लिए गया था तब रामसागर तालाब मेड़ के पास झाड़ के नीचे खड़ा था इसी दौरान आकाशीय बिजली गिरने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट पर से मर्ग कायम कर कार्रवाई विवेचना में लिया है।

## विश्व कल्याण की भावना लेकर महाआरती आज

**बसना।** भगवती मानव कल्याण संगठन एवं पंचज्योति शक्ति तीर्थ सिद्धाश्रम के संयुक्त तत्वावधान में सद्गुरुदेव परमहंस योगीराज शक्तिपुत्र महाराज के दिशानिर्देश में विश्व कल्याण तथा समाज को नशामुक्त, मांसाहार मुक्त, चरित्रवान, चेतनावान बनाने बसना के कृष्ण बिदुर भवन में मासिक महाआरती का आयोजन आज किया गया है। यह आयोजन पांच घंटे का अखंड दुर्गा चालीसा पाठ करके प्रातः 11 बजे से एक घंटे का तहसील स्तरीय मासिक महाआरती प्रारंभ होगा। 23 जून को होने वाली इस दिव्य अनुष्ठान में सैकड़ों की संख्या में भक्तों उपस्थित होने की अपील की है।

## दिव्यांग मरीज की मदद के लिए किया रक्तदान

**महासमुंद।** नगर पंचायत तुमगांव के पार्षद धर्मेंद्र यादव व जय मां शीतला आधार युवा शक्ति के सदस्यों ने एक दिव्यांग व्यक्ति के लिए रक्तदान किया। बता दें कि नगर के अति गरीब परिवार मिथलेश धीवर दोनों पैर से अपाहिज है। उसकी पत्नी भी अपाहिज है जिनके छोटे-छोटे बच्चे है और बहुत मुश्किल से दोनों छोटे से दुकान खोल कर जीवन यापन कर रहे थे। अचानक मिथलेश धीवर का स्वस्थ खराब हो गया। दोनों पैर से अपाहिज मिथलेश धीवर बीमारी के चलते उनके पैर को कटवाना पड़ा, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति बेहद खराब हो गई और लगातार खून की कमी के कारण स्वस्थ खराब होता जा रहा है, जिसकी जानकारी पार्षद धर्मेंद्र यादव को उनकी पत्नी द्वारा दी गई।

**जयंती : आश्रम में 2 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त भवन का किया भूमिपूजन**

# कबीर साहेब संत ही नहीं बल्कि महान विचारक व समाज सुधारकः विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजिम

संत कबीर प्राकट्य दिवस के अवसर पर आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे विधायक रोहित साहू ने कहा कि संत कबीर की वाणी हमें जीवन जीने की कला सिखाती हैं, कबीर दास ने मध्यकालीन भारत के सामाजिक, धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन में अमूल्य योगदान दिया। उन्होने अपने दोहों, विचारों और जीवनवृत्त से तत्कालीन सामाजिक, आर्थिक, धार्मिक और आध्यात्मिक क्षेत्र में क्रांति का सूत्रपात किया। वे संत होने के साथ ही महान विचारक व समाज सुधारक भी थे। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रही नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा सोनकर ने कहा कि संत कबीर जी ने मध्यकालीन भारत के तत्कालीन समाज में व्याप्त अंधविश्वास, रूढ़िवाद, पाखण्ड का घोर विरोध किया। कबीर दास जी ने उस काल में भारतीय समाज में विभिन्न धर्मों और सामाजिक लोगों के बीच आपसी मेल-जोल और भाईचारे का मार्ग प्रशस्त किया।







### ढ़ाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय का कबीर साहेब ने दिया संदेश

विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद भाजपा के वरिष्ठ नेता जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने कहा कि कबीर दास जी ने सामाजिक कुरीतियों पर कुठाराघात करते हुए ढाई आखर प्रेम का पढ़े सो पंडित होय का संदेश दिया। यह बात उनके दोहों से साफ झलकती है कि उन्होंने अपने दोहों के जरिए जीवन में कई सीख दी है। साहू ने कहा कि सदगुरु कबीर के दिव्य वाणी का प्रकाश आज भी हमें समस्याओं के अंधेरे से निकालकर समाधान के प्रकाश में ले जाता है। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। इस दौरान सभी अतिथियों ने नगर पंचायत अध्यक्ष निधि से आश्रम में 2 लाख रुपए की लागत से बनने वाले अतिरिक्त भवन का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर नगर पंचायत उपाध्यक्ष रेखा-कुलेश्वर साहू, मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा,पार्षद महेश यादव ,प्रहलाद गंधर्व, मेघनाथ साहू, तुलाराम साहू, कुलेश्वर साहू, नेहरू साहू सहित बड़ी संख्या में कबीरपंथी अनुयायी उपस्थित थे।

## गौठान में बने भवन का शेड हवा में उड़ा, अंदर रखे सामन हो रहे खराब



हरिभूमि न्यूज ⏭ मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर से 8 किलोमीटर दूर ग्राम पंचायत बोईरगांव पंचायत के बेहराडीह स्थित गौठान में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए शेड़ निर्माण किया गया था लेकिन घटिया निर्माण के चलते शेड का छप्पर हवा में उड गया और भीतर रखे सामग्री खराब हो रहे है, लेकिन इस ओर ग्राम पंचायत द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## राजिम-गरियाबंद हाईवे 130 के गुणवत्ता पर उठा रहे सवाल



राजिम। राजिम-गरियाबंद हाइवे 130 की यह तस्वीर शनिवार को सोशल मीडिया में जमकर वायरल हुआ है। इस तस्वीर में ये बताने की कोशिश की गई है कि सड़क निर्माण का कार्य अभनपुर से पांडुका-पोड़ तक चल रहा है। अभी ठीक से बारिश भी नही हुई है और जगह-जगह से सड़क उखड़ना शुरू हो गया है। लोग इस पर कमेंट करते हुए गुणवत्ता पर सवाल उठा रहे है। वहीं शासन सड़क निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करती है लोगों को सुविधा देना चाहती है। परंतु ठेकेदार के कारस्तानी से ये नौबत आ जाती है। लोगों का गुस्सा सोशल मीडिया में जमकर वायरल हो रहा है।

## योग करने से तन व मन रहता है स्वस्थ



**नवापारा-राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत निरंकारी चेरिटेबल फाउण्डेशन द्वारा झूलेलाल धाम सिंधी कॉलोनी में योगा दिवस का आयोजन किया गया। संयोजक गांधी सचदेव ने बताया कि योग हमें प्रतिदिन करना चाहिए इससे मन शांत रहता है और तन स्वस्थ रहता है।

## बिलासपुर के लिए 12 खिलाड़ी हुए रवाना



**राजिम।** खेलो इंडिया स्टेट सेंटर आवासीय खेल अकादमी बिलासपुर के लिये चयन प्रतियोगिता 21 व 22 जून को बिलासपुर में आयोजित है। गरियाबन्द जिले के एथलेटिक्स खेल में बालक वर्ग में 4, बालिका वर्ग में 4 खिलाड़ी व कबड्डी बालिका में 4 खिलाड़ी भाग लेंगे। टीम मैनेजर ताराचन्द निषाद कोच हेमलता राजिम से रवाना हुए। इस अवसर पर एथलेटिक्स संघ के अध्यक्ष शरद पारकर व कबड्डी संघ के अध्यक्ष रमेश पटेल , उपाध्यक्ष पुरन यादव, निराली यादव उपस्थित थे।

## अंचल में 1 घंटे हुई झमाझम बारिश



**मुड़ागांव(कोरासी)।** अंचल के ग्राम मुड़ागांव, अकलवारा, फिंगेश्वरी, सोरिद खुर्द, अमेठी, कसेकेरा, साजापाली, भैरा, नवापारा, रानीपरतेवा, करकरा, कोरासी, करचाली, द्वारतरा, बम्हनी, कुरेकेरा, खड़म़ा, मड़ेली, पीपरहट्ठा, पीपरछेड़ी, कनेसर, बोईरगांव, पक्तियां, जुनवानी, लोहझर, खैरझिटी, ओनवा, रवेली, आदि क्षेत्र के गांव में आषाढ़ महिने में शुक्रवार रात्रि में झमाझम बारिश होने से लोगों को तेज धूप उमस गर्मी से राहत मिली। शुक्रवार रात्रि में लगभग 1 घंटे झमाझम बारिश से अब खेती किसानी का कार्य प्रारंभ होगा। आषाढ़ लगे कुछ दिनों के बाद पानी की वर्षा हुई है। लोगों को तेज धूप गर्मी से काफी राहत मिली है। वहीं बरसात में क्षेत्र के कुछ गांवों में बिजली गुल लगातार हो रही है। रात- रात भर बिजली गुल रहती है। कुछ गांवों में अधिकांश मुहल्लों में रात भर बिजली गुल रही।

## कैरियर मार्गदर्शन कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुड़ागांव(कोरासी)



गरियाबंद जिला कर्मचारी प्रकोष्ठ के संयोजन में मां शाकंभरी शक्तिपीठ ग्राम लोहझर विकासखंड छुरा में समर-कैंप कैरियर मार्गदर्शन एवं शैक्षणिक विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न ग्रामों के पटेल समाज के छात्र-छात्राओं ने बढ़ -चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर रंगोली, पेंटिंग एवं प्रश्नोत्तरी में सहभागिता निभाने वाले प्रतिभागी फनीष कुमार पटेल, छायांक पटेल, नागदत पटेल, सिद्धार्थ ,रेणुका ,गरिमा दाक्षी, पूजा खुशबू, प्रियंका, गीता, कौशल्या, खेमिन, उषा पटेल, पलक पटेल को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर इस अवसर पर कोसरिया मरार पटेल समाज कर्मचारी प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष डेहर लाल पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि 4+2+1 फॉर्मूला स्टडी + रिवीजन + टेस्ट से तैयारी करना हैं। विशिष्ट अतिथि नारायण पटेल सचिव पटेल समाज राजिम राज, मां शाकंभरी मंदिर समिति के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पटेल, संरक्षक श्याम लाल पटेल पूर्व अध्यक्ष संतोष पटेल सलाहकार कुशल पटेल, सह सचिव भीखम पटेल, उपाध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला गरियाबंद नोहर लाल पटेल, शंकर यदु शिक्षक ने भी संबोधित करते हुए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बेद राम पटेल जिलाअध्यक्ष कर्मचारी प्रकोष्ठ जिला गरियाबंद ने की। संचालन हेमलाल पटेल प्रदेश सचिव कर्मचारी प्रकोष्ठ ने किया। कार्यक्रम के सफल आयोजन व संयोजक में कर्मचारी प्रकोष्ठ से डॉक्टर सतीश पटेल, बलराज पटेल, भोजराम पटेल शिक्षक की सहभागिता रही। योगेश पटेल मां शाकंभरी शक्तिपीठ के सचिव ने आभार व्यक्त किया।

## निरोग रहने जीवन में योग को अपनाना होगा : प्रधानपाठक



**राजिम।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर भैंसातरा स्कूल में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधानपाठक रामनारायण मिश्रा ने कहा कि यदि हमें निरोग रहना है तो हमें योग को अपने दैनिक जीवन में अपनाना होगा। योग शिक्षक एनआर साहू ने योगाभ्यास कराया और योग के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर रूपलाल साहू, नेमुराम साहू, रामकुमार साहू, पुरुषोत्तम साहू, योगेश वर्मा, नोहर साहू, गुलायची साहू, होरी ढीढी व अन्य लोग उपस्थित थे।

## योग से स्वस्थ रहता है शरीर



**राजिम।** फेविकोल चैंपियन क्लब द्वारा यादव धर्मशाला में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। क्लब के अध्यक्ष रामकुमार साहू ने कहा कि मनुष्य को प्रतिदिन 15 मिनट योग करना चाहिए। योग से मानव जीवन का शरीर स्वस्थ रहता है। शरीर को मजबूत बनाएं रखता है योग एक साधना है। कार्यक्रम में लीलाधर सिन्हा, दीनदयाल साहू, वसुदेव साहू, कमलेश ध्रुव, लालजी ध्रुव, श्याम देव साहू, अर्जुन दास, संतोष यादव, गिरीश साहू आदि शामिल थे।

## न्यायालय में योगासन का का कराया गया अभ्यास



हरिभूमि न्यूज ⏭ गरियाबंद

जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में योगा फॉर सेल्फ एंड सोसायटी थीम पर योग दिवस का आयोजन किया गया। योगाचार्य धर्मेन्द्र साहू द्वारा स्वथ्य निरोगी बनाए रखने के लिए विभिन्न प्रकार के योगासन का अभ्यास न्यायालय गरियाबंद में कराया गया एवं विशेष न्यायाधीश पॉक्सो गरियाबंद यशवंत वासनीकर द्वारा समस्त न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रतिदिन योग करने हेतु प्रेरित किया गया। जिला एवं अपर सत्र न्यायालय गरियाबंद में आयोजित योगा दिवस को सफल बनाने में न्यायालय गरियाबंद में पदस्थ न्यायिक अधिकारीगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण एवं योगाचार्य धर्मेन्द्र साहू, विमल ठक्कर, रिखीराम साहू का सराहनीय योगदान रहा।

## शिक्षक, विद्यार्थी व एसएमसी सदस्यों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज़ ⏭ पांडुका





शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला पांडुका में 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शाला के शिक्षक अरुण साहू ने योग के विभिन्न आसनों का सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व एसएमसी सदस्यों को अभ्यास कराया। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक एमएल तारक ने योग के महत्व को बताते हुए इसे अपने दैनिक जीवन में शामिल करने को कहा। उन्होंने बताया कि योग से हम निरोग रह सकते हैं। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रुद्राणी सेन ने भी सभी को योग का महत्व बताते हुए कहा कि इससे हमारा शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति होती है। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के शिक्षाविद पुरुषोत्तम पटेल, पालक सदस्य गुणवंत साहू और संस्था की शिक्षिकाएं अर्चना शर्मा, गोपेश्वरी साहू, कबिता आचार्जी एवं देव निषाद उपस्थित थे।

**क्षेत्र में पुरानी परंपरा को आज भी निभाते आ रहे हैं ग्रामीण**

# रविवार को हल व ट्रैक्टर चलाना बंद रहता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ रसेला

अंचल के कई गांवों में आज भी कई वर्षों से चली आ रही पुरानी परंपराओं को गांव के ग्रामीण निभाते आ रहे हैं। जिस प्रकार शासकीय कार्यालयों में रविवार को अवकाश घोषित रहता है। उसी तरह ग्राम रसेला में कृषि कार्य में रविवार को हल या ट्रेक्टर चलाना प्रतिबंध रहता है। कोई भी अगर धोखे से हल या ट्रेक्टर रविवार को चलाते पाया जाता तो उसे गांव के नियम के अनुसार उस नियम का पालन करना पड़ता है। इस दिन चाहे कुछ भी हो जाए किसान हल या ट्रेक्टर नहीं चलाते हैं। क्षेत्र में लंबे इंतजार के बाद लगभग तीन दिनों से मानसून मेहरबान हो गया। झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे पर मुस्कान ला दी। बारिश ने उमस गर्मी को भी धो डाला। रसेला के किसान अब सोमवार को ही बोआई का काम शुरूआत करेंगे। जिससे सूखे बीत रहें खरीफ सीजन से निराश किसानों के चेहरे खिल गए। लंबे समय बाद बारिश ने लोगों को सुखद अहसास कराया है। कई ऐसे किसान भी थे जो पानी न गिरने के कारण बुआई नहीं कर पा रहे थे वे बारिश होते ही कृषि कार्य में बुवाई में जुट जायेंगे। किसान शंकर कुर्रे, नोहर अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, जयलाल यादव, कुशल ध्रुव, रवि चंद्राकार,मकरम ठाकुर, केशुराम ध्रुव,राधे सेन आदि ने बताया कि उन्हें उम्मीद थी कि जेष्ठ माह निराश नहीं करेगा। किसान लगभग 20- 25 दिनों से बारिश को लेकर आसमान की ओर टकटकी लगाए हुए थे जेष्ठ माह जाते जाते झमाझम बारिश करके किसानों के मुरझाए चेहरे पर मुस्कान ला दी। पिछले तीन दिनों से हुई बारिश के कारण अब मौसम में ठंडकता आ गई है। और भीषण गर्मी से लोगों को राहत मिल रही है। गौरतलब है कि गर्मी का एहसास अधिक हो रहा था। सूर्य के तेज किरण के कारण लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो रहा था। किसानों ने बताया कि काफी लंबे इंतजार के बाद बारिश हुई है। किसान पूरे उत्साह और जोश के साथ कृषि कार्य में जुट गए हैं।



online Booking:-www.tripuryatra.com
सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 16,500/-



चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश, श्री त्रियुगीनारायण (माता पार्वती भगवान शिव का विवाह स्थल)
By Train-रिजर्वेशन कोच
05 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024, 09 सितम्बर से 23 सितम्बर 2024, 18 सितम्बर से 02 अक्टूबर 2024, 05 अक्टूबर से 19 अक्टूबर 2024
08 अक्टूबर से 22 अक्टूबर 2024
राशिः-स्लीपर-16,500/-, 3 एसी- 25,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411